राष्ट्रीय एकता दिवस पर जेएस डिग्री कॉलेज में हुई संगोष्ठी

पटेल का जीवन हम सबके लिए अनुकरणीयः डॉ0 रश्मि गुप्ता

आर्यावर्त केसरी ब्यूरो

अमरोहा। जेएस हिंदू पीजी कॉलेज में राजनीति विज्ञान विभाग, रॉवर्स रेंजर्स और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम बहुत हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती दीप प्रज्वलन और सरदार वल्लभभाई पटेल को पुष्प अर्पित करके किया गया।

◉ खास बात

पोस्टर में अलशिफा और भाषण प्रतियोगिता में अभिषेक ने मारी बाजी

इस मौके पर डॉ0 संजय शाही ने बताया कि पटेल का जीवन हम सबके लिए अनुकरणीय है। निर्भयता ही जीवन का कवच है। इसी श्रृंखला में डॉ0 बीना रूस्तगी ने बताया कि बारडोली सत्याग्रह के सफल नेतृत्व के बाद ही इन्हें सरदार की उपाधि प्रदान की गई। एनसीसी प्रभारी डॉ0 मनन कौशल ने कहा कि पटेल ने बताया भारत एक अच्छा उत्पादक देश बने। देश में कोई भूखा न रहे। अन्न सभी को मिले।

डॉक्टर हरेंद्र ने बताया कि उनका जीवन देश के लिए समर्पित सन्यासी जैसा रहा। राजनीतिक विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ0 मनमोहन ने कहा कि आज आवश्यकता है कि जातिगत राजनीति से ऊपर उठे और संगठित रहे। रोवर्स रेंजर्स के प्रभारी डॉ0 राजनलाल ने बताया कि क्यों पटेल को लौह पुरुष कहा जाता है। एमएसएस प्रभारी डॉ0 सविता ने कहा कि आज एकता की आवश्यकता है। आज हमें सभी भेदभाव भुलाकर आपस में मिलकर रहने की आवश्यकता है। डॉ0 पीयूष ने कहा कि कठिन परिस्थितियों में कायर बहाना ढूंढते है, बहादुर रास्ता। जो रास्ता पटेल ने सुझाया उसे जीवन में अनुकरण करना चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन रेंजर्स प्रभावी डॉ0 रश्मि गुप्ता ने किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा भाषण प्रतियोगिता, गायन और पोस्टर प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया गया। अलशिफा ने पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। परवेज आलम और दीपांशु त्यागी ने द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में अभिषेक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुवसरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस दौरान मुख्य अनुशासक डॉ0 नवनीत, डॉक्टर संगीता धामा, डॉ0 मुकेश, डॉ0 विशेष, डॉ0 बबलू, जावेद, राजीव, मोहित शर्मा, डॉ0 मनोज, उमेश, शिवानी हिमांशु शर्मा, प्रियंका आदि मौजूद रहे।

जेएस कालेज में पटेल जयंतीः जातिगत राजनीति से ऊपर उठे

sunshinenews.in/2022/11/जेएस-कालेज-में-पटेल-जयंती/

Dr. Deepak Agarwal

November 1, 2022

डॉ. दीपक अग्रवाल

अमरोहा/उत्तर प्रदेश (सनशाइन न्यूज)

जेएस हिंदू पीजी कॉलेज, अमरोहा, राजनीति विज्ञान विभाग, रॉवर्स रेंजर्स और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम बहुत हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती दीप प्रज्ज्वलन और सरदार वल्लभभाई पटेल को पुष्प अर्पित करके किया गया।

पटेल का जीवन सबके लिए अनुकरणीय

इस अवसर पर डॉ संजय शाही ने बताया ,पटेल का जीवन हम सबके लिए अनुकरणीय है। निर्भयता ही जीवन का कवच है इसी श्रृंखला में डॉ. बीना रूस्तगी ने बताया कि बारडोली सत्याग्रह के सफल नेतृत्व के बाद ही इन्हें सरदार की उपाधि प्रदान की गई ।एनसीसी प्रभारी डॉ मनन कौशल ने कहा पटेल जी ने बताया भारत एक अच्छा उत्पादक देश बने। देश में कोई भूखा न रहे अन्न सभी को मिले।देश में न्यूनतम मजदूरी तय हो । इसी क्रम में डॉ. हरेंद्र ने बताया कि उनका जीवन देश के लिए समर्पित सन्यासी जैसा रहा ।राजनीतिक विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ मनमोहन ने कहा आज आवश्यकता है कि जातिगत राजनीति से ऊपर उठे और संगठित रहे।

कायर बहाना ढूंढते है,बहादुर रास्ता

रोवर्स रेंजर्स के प्रभारी डॉ राजनलाल ने बताया क्यों पटेल को लौह पुरुष कहा जाता है। एमएसएस प्रभारी डॉ सविता ने कहा आज आवश्यकता है एकता की ।आज हमें सभी भेदभाव भुलाकर आपस में मिलकर रहने की आवश्यकता है। डॉ पीयूष ने कहा, कठिन परिस्थितियों में कायर बहाना ढूंढते है,बहादुर रास्ता । जो रास्ता पटेल ने सुझाया उसे जीवन में अनुकरण करना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य अनुशासक डॉ नवनीत ,डॉ. संगीता धामा,डॉ मुकेश ,डॉ विशेष ,डॉ

बबलू, जावेद ,राजीव,मोहित शर्मा,डॉ मनोज, उमेश, शिवानी हिमांशु शर्मा, प्रियंका आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रेंजर्स प्रभावी डॉ रश्मि गुप्ता ने किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा भाषण प्रतियोगिता ,गायन और पोस्टर प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया गया। अलशिफा ने पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया परवेज आलम और दीपांशु त्यागी ने द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में अभिषेक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ,मुवसरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।